आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–09 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ के सरोजिनी नगर क्षेत्र में आज अशोक लेलैंड इलेक्ट्रिक वाहन–ईवी कारखाने का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में रक्षा मंत्री ने कहा कि रक्षा क्षेत्र, रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है और वर्तमान में देश एक दशमलव पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के रक्षा उत्पादों की खरीद कर रहा है। श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विकास का पर्याय बन चुका है।

अब उत्तर प्रदेश को एक ऐसा राज्य बनाया जा रहा है जहां सेना के लिए साजो सामान बड़े पैमाने पर बनेंगे। साथियों, सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में यहां हजारों करोड़ रुपये के नये काम आएं, नया निवेश हो और हमारे लाखों की संख्या में नौजवानों को रोजगार का अवसर भी मिले।

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश के बल्कि दुनिया के हर एक इन्वेस्टर की पसंद बन चुका है।

पिछले पांच वर्षों से उत्तर प्रदेश देश के उन राज्यों में है जो रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने आपको स्थापित किया है। ये तब हुआ है जब आदरणीय प्रधानमंत्री जी का मार्गदर्शन और नेतृत्व है। हमारे केंद्रीय नेतृत्व का निरंतर मार्गदर्शन उत्तर प्रदेश को प्राप्त होता है।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और एचडी कुमार स्वामी भी मौजूद रहे।

****

सरकार ने कहा है कि किफायती और मध्यम आय वर्ग के आवास के लिए विशेष योजना– स्वामी निवेश निधि ने छत्तीस हजार से अधिक कुशल और अ–कुशल रोजगार सृजित किए हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस निधि से देशभर में एक सौ सत्ताइस परियोजनाओं में सैंतीस हजार चार सौ करोड़ करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी का निवेश हुआ है, जिनमें नौ करोड़ वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र विकास के अधीन है। स्वामी पहल को नवंबर, दो हजार उन्नीस में शुरू किया गया था।

****

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने आज अयोध्या में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि विकसित भारत– जी राम जी कानून के तहत सरकार द्वारा एक सौ पचीस दिन के रोजगार की गारंटी दी जाएगी, जबकि पहले मनरेगा के तहत सौ दिन की रोजगार की गारंटी थी। उन्होंने कहा कि जी राम जी कानून से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास को नई दिशा मिलेगी।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र, 'प्रगति' ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रगति ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने और प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी का कारण बनने वाले मुद्दों के समाधान में सहायता की है। आज इस विशेष श्रृंखला में, हम प्रगति के अंतर्गत समीक्षा की गई विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे।

प्रगति के बहुस्तरीय तंत्र के तहत दस लाख तिरपन हजार करोड़ रुपये लागत वाली दो सौ सैंतीस बिजली परियोजनाओं की विभिन्न स्तरों पर समीक्षा की गयी है, जिनमें से कई परियोजनाएं अब चालू हो चुकी हैं। प्रधानमंत्री स्तर पर चार लाख बारह हजार करोड़ रुपये की लागत वाली कुल तिरपन बिजली परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। इन तिरपन परियोजनाओं में सत्ताईस ट्रांसमिशन, चौदह ताप विद्युत, नौ जल विद्युत और तीन कोयला खनन परियोजनाएं शामिल है। इनमें से तीन लाख करोड़ रुपये की लागत वाली तैंतालीस विलम्बित परियोजनाएं अब चालू हो चुकी हैं, जबकि शेष परियोजनाएं भी कमिशन के उन्नत चरण में हैं। पल्लवी परमार और सुपर्णा सैकिया के साथ अक्षित वैद्यान आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा सूचना और प्रसारण राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज नई दिल्ली में क्रिएटर्स कॉर्नर का शुभारंभ किया। प्रसार भारती द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रचनात्मक सामग्री को प्रदर्शित करना और इसे बढ़ावा देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना है।

****

वाराणसी में चल रही बहत्तरवीं नेशनल सीनियर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आज ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा शामिल हुए। पूर्वांचल में पहली बार इतने बड़े राष्ट्रीय खेल के आयोजन पर खुशी जताते हुए उन्होंने प्रदेश की महिला टीम का हौसला बढ़ाया। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काशी के सांसद बनने के बाद वाराणसी में खेलों को बढ़ावा देने की योजनाओं में काफी वृद्धि हुई है।

****

प्रदेश में जारी कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच आज भी कुछ जिलों में दिन में निकली हल्की धूप ने लोगों को मामूली राहत दी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की भी संभावना है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

****